ont>

Title: Need to provide mobile telephone services in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी.वसावा (भरूच) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के उम्मला राजपाडरी, नेत्रान, डडीयापाडा, मंगरौल में मोबाइल टेलीफोन सेवा नहीं है। यह सारा क्षेत्र आदिवासी बहुल है और विकास के पथ पर है। इस संबंध में मैं गुजरात के मुख्य महाप्रबंधक एवं भरूच जिले के जिला दूरसंचार, प्रबंधक से मिल चुका हूं और इस बारे में लिखित रूप से भी सूचित कर चुका हूं, परन्तु अभी तक इस कार्य में कोई भी प्रगति नहीं हुई है औ दूरसंचार की बैठकों में उक्त मामले को मैं कई बार उठा चुका हूं।

सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त क्षेत्रों में मोबाइल टेलीफोन सेवा तत्काल उपलब्ध करवाई जाए।